**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3416**
**05 अगस्त, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना

**3416. श्री रामशिरोमणि वर्मा:**

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं हेतु आबंटित धनराशि का उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा उपयोग/उपयोग नहीं की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में उक्त योजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (ग)**:** आयुष मंत्रालय आयुर्वेद सहित आयुष चिकित्सा पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित/जारी किए गए, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा सूचित व्यय/उपयोग की गई और अप्रयुक्त धनराशि का उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** पर दिया गया है। हालांकि, एनएएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जिलेवार सहायता अनुदान प्रदान नहीं किया जाता है। इसके अलावा, एनएएम के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान समर्थित प्रमुख गतिविधियों को **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

*****

**संलग्नक-I**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान, आवंटित/जारी किए गए, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा सूचित व्यय/उपयोग की गई और अप्रयुक्त धनराशि का उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

**(लाख रुपये में)**

| क्र. सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | 2019-20 | | | 2020-21 | | | 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटित/जारी (केंद्रीय हिस्सा) | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित व्यय | अप्रयुक्त | आवंटित/जारी (केंद्रीय हिस्सा) | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित व्यय | अप्रयुक्त | आवंटित/जारी (केंद्रीय हिस्सा) | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित व्यय | अप्रयुक्त |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 365.418 | 268.396 | 97.022 | 251.808 | 91.521 | 160.287 | 296.061 | 104.780 | 191.281 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1900.594 | 23.517 | 1877.077 | 385.402 | 7.961 | 377.441 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 383.330 | 368.715 | 14.615 | 678.090 | 419.503 | 258.587 | 180.850 | 0.000 | 180.850 |
| 4 | असम | 1601.322 | 710.517 | 890.805 | 347.150 | 167.220 | 179.930 | 639.520 | 0.000 | 639.520 |
| 5 | बिहार | 2661.298 | 85.874 | 2575.424 | 516.535 | 32.360 | 484.175 | 1686.077 | 0.000 | 1686.077 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 195.808 | 70.390 | 125.418 | 94.864 | 0.000 | 94.864 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 2691.066 | 692.350 | 1998.716 | 841.309 | 21.050 | 820.259 |
| 8 | दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव | 63.854 | 51.480 | 12.374 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 9 | दिल्ली | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 10 | गोवा | 118.651 | 110.136 | 8.515 | 65.988 | 38.277 | 27.711 | 218.988 | 0.000 | 218.988 |
| 11 | गुजरात | 2229.691 | 1337.070 | 892.621 | 244.011 | 159.515 | 84.496 | 466.926 | 0.000 | 466.926 |
| 12 | हरियाणा | 2299.475 | 2133.420 | 166.055 | 3034.422 | 1631.730 | 1402.692 | 647.702 | 116.730 | 530.972 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2045.892 | 1407.928 | 637.964 | 494.940 | 205.535 | 289.405 | 1261.800 | 492.500 | 769.300 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 1848.539 | 1730.000 | 118.539 | 2285.751 | 2033.250 | 252.501 | 1313.105 | 666.296 | 646.809 |
| 15 | झारखंड | 1522.312 | 0.000 | 1522.312 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 1309.765 | 0.000 | 1309.765 |
| 16 | कर्नाटक | 1791.709 | 1550.210 | 241.499 | 2184.371 | 1779.840 | 404.531 | 1821.460 | 389.560 | 1431.900 |
| 17 | केरल | 1540.535 | 1332.969 | 207.566 | 2337.588 | 2037.075 | 300.513 | 1153.388 | 634.070 | 519.318 |
| 18 | लद्दाख | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 187.454 | 0.000 | 187.454 |
| 19 | लक्षद्वीप | 426.878 | 408.194 | 18.684 | 19.605 | 14.495 | 5.110 | 64.257 | 33.251 | 31.006 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 4012.347 | 3427.944 | 584.403 | 5608.63 | 3143.000 | 2465.633 | 3123.198 | 1230.21 | 1892.98 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | | | 6 | 2 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4308.643 | 2054.630 | 2254.013 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 22 | मणिपुर | 907.075 | 600.504 | 306.571 | 571.720 | 170.571 | 401.149 | 170.040 | 0.000 | 170.040 |
| 23 | मिजोरम | 199.510 | 177.360 | 22.150 | 657.730 | 296.497 | 361.233 | 259.080 | 6.932 | 252.148 |
| 24 | मेघालय | 348.210 | 297.942 | 50.268 | 247.970 | 78.750 | 169.220 | 609.780 | 313.598 | 296.182 |
| 25 | नागालैंड | 950.580 | 950.580 | 0.000 | 1254.890 | 628.671 | 626.219 | 232.270 | 132.337 | 99.933 |
| 26 | ओडिशा | 726.096 | 208.360 | 517.736 | 716.640 | 46.320 | 670.320 | 1075.380 | 0.000 | 1075.380 |
| 27 | पुदुचेरी | 238.416 | 206.182 | 32.234 | 47.667 | 44.597 | 3.070 | 200.273 | 157.910 | 42.363 |
| 28 | पंजाब | 1155.493 | 14.100 | 1141.393 | 89.770 | 0.000 | 89.770 | 527.280 | 0.000 | 527.280 |
| 29 | राजस्थान | 1987.595 | 1042.834 | 944.761 | 2276.400 | 1036.225 | 1240.175 | 3189.000 | 0.000 | 3189.000 |
| 30 | सिक्किम | 330.593 | 235.405 | 95.188 | 350.440 | 306.670 | 43.770 | 99.300 | 69.790 | 29.510 |
| 31 | तमिलनाडु | 1993.913 | 1993.913 | 0.000 | 616.580 | 148.972 | 467.608 | 2348.268 | 1491.688 | 856.580 |
| 32 | तेलंगाना | 934.178 | 474.600 | 459.578 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 3132.252 | 2135.000 | 997.252 |
| 33 | त्रिपुरा | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 270.080 | 0.000 | 270.080 | 138.710 | 47.100 | 91.610 |
| **34** | **उत्तर प्रदेश** | **7923.690** | **7526.178** | **397.512** | **10373.858** | **7758.503** | **2615.355** | **13809.724** | **11797.723** | **2012.001** |
| 35 | उत्तराखंड | 825.340 | 567.831 | 257.509 | 656.458 | 361.320 | 295.138 | 2622.504 | 0.000 | 2622.504 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1849.740 | 1034.059 | 815.681 | 247.346 | 6.363 | 240.983 | 2118.045 | 397.916 | 1720.129 |
| | **कुल** | **49490.917** | **32330.848** | **17160.069** | **39718.716** | **23407.481** | **16311.235** | **45838.630** | **20238.447** | **25600.183** |

**संलग्नक-II**

**एनएएम के तहत, पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में समर्थित प्रमुख गतिविधियों की स्थिति**

(i) 50 तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए 18 इकाइयों को सहायता प्रदान की गई।

(ii) 10 आयुष अस्पतालों और 177 आयुष औषधालयों की अवसंरचना और अन्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए सहायता प्रदान की गई है।

(iii) प्रत्येक वर्ष औसतन 115 आयुष अस्पतालों और 3323 आयुष औषधालयों को आवश्यक आयुष दवाओं की आपूर्ति के लिए सहायता प्रदान की गई है।

(iv) 3 स्नातकपूर्व आयुष शैक्षणिक संस्थानों की अवसंरचना, पुस्तकालय और अन्य चीजों के उन्नयन के लिए सहायता प्रदान की गई है।

(v) 471 योग स्वास्थ्य केन्द्रों को सहायता प्रदान की गई है।

(vi) 871 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को सहायता प्रदान की गई है।

(vii) 25 आयुष ग्राम इकाइयों को सहायता दी गई है।